




# हॉट स्पॉट क्षेत्रों में सुधार कार्य शुरू, मोबाइल गश्त से वाहन चालकों को कर रहे जागरूक

▸ सड़क हादसों पर लगाम लगाने रतलाम पुलिस का विशेष अभियान




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रतलाम पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर जिले के दुर्घटना संभावित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में सुधार कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। साथ ही टोल कंपनी द्वारा मोबाइल गश्त एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी लगातार चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल, उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद स्वरूप सोनी, एमपीआरडीसी, आरटीओ विभाग, टोल प्लाजा प्रबंधन, संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ जिले के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सातरुंडा चौराहा, रत्नागिरी, बिलपांक फंटा, सालाखेड़ी फंटा, सनावदा फंटा, खाचरोद फंटा, सेजावता फंटा, इप्का फैक्ट्री तिराहा, पंचेड़ फंटा, पलदूना फंटा, नामली गोकुल चाय तिराहा, भैंसा देवी फंटा, कांडरवासा एवं बड़ौदा फंटा सहित विभिन्न स्थानों का बारीकी से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर चर्चा की। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में यातायात पुलिस ने टोल कंपनी एवं एमपीआरडीसी के माध्यम से विभिन्न हॉट स्पॉट क्षेत्रों में रोड सेफ्टी से जुड़े सुधार कार्य शुरू करा दिए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो मोबाइल गश्ती वाहनों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है।

मोबाइल गश्ती वाहन द्वारा वाहन चालकों को अनाउंसमेंट के जरिए तेज गति से वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट एवं हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाकर दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में आज बंद रहेंगी मेडिकल दुकानें

**रतलाम।** ऑनलाइन दवा बिक्री, नकली दवाओं के कारोबार और बड़े स्तर पर दिए जा रहे भारी डिस्काउंट के विरोध में 20 मई 2026, बुधवार को जिलेभर के केमिस्ट एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल एआईओसीडी एवं एमपीसीडीए के आह्वान पर आयोजित की जा रही है, जिसका समर्थन रतलाम जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी किया है।

▸ केमिस्ट एसोसिएशन निकालेगा मार्च, नकली दवाओं के खिलाफ होगा प्रदर्शन

एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मूणत एवं सचिव राजेश कोठारी ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री से छोटे व्यापारियों के सामने संकट खड़ा हो रहा है। साथ ही नकली और नशे की दवाओं के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की मांग भी लंबे समय से की जा रही है।

उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे कॉलेज रोड हॉस्पिटल गेट स्थित बोथरा मेडिकल के सामने सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10:30 बजे कॉलेज रोड से डालू मोदी बाजार तक विरोध मार्च निकाला जाएगा। मार्च के समापन पर ऑनलाइन एवं नकली दवाओं के विरोध में पुतला दहन किया जाएगा। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने जिले के सभी केमिस्ट साथियों से अपने स्टाफ सहित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। साथ ही आमजन को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा कि यह आंदोलन उपभोक्ताओं को सही दवा उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# डी-स्लेजिंग मशीन खरीदी पर सियासत गरम
## अध्यक्ष : भुगतान ही नहीं हुआ तो घोटाला कैसा?



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर परिषद सैलाना में डी-स्लेजिंग मशीन एवं ट्रैक्टर खरीदी मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। क्षेत्रीय विधायक कमलेश्वर डोडियार द्वारा लगाए गए कथित घोटाले के आरोपों पर नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता कर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मशीन खरीदी का भुगतान ही अब तक नहीं हुआ है, ऐसे में घोटाले का आरोप पूरी तरह निराधार और भ्रामक है। नगर परिषद कार्यालय में प्रेसवार्ता में अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि विधायक को पहले ही संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा दिए गए थे, जिनमें स्पष्ट उल्लेख है कि मशीन खरीदी का भुगतान अभी लंबित है। इसके बावजूद घोटाले जैसे आरोप लगाना न केवल गलत है बल्कि पूरी परिषद की छवि खराब करने का प्रयास भी है। अध्यक्ष ने बताया कि 13 मई 2026 को शासन द्वारा संयुक्त खाते में 17 लाख 10 हजार रुपए जमा किए गए हैं, लेकिन अंतिम भुगतान वरिष्ठ कार्यालय द्वारा किया जाना शेष है। इसकी जानकारी विधायक को भी दी जा चुकी थी। पत्रकार वार्ता में नगर परिषद से जुड़े प्रतिनिधियों एवं प्रेस क्लब के पत्रकार मौजूद रहे।

**यह है पूरा मामला:** अध्यक्ष शुक्ला के अनुसार नगर परिषद ने 29 नवंबर 2024 को डी-स्लेजिंग मशीन मय ट्रैक्टर खरीदी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। 26 दिसंबर 2024 को पीआईसी से स्वीकृति मिली तथा 2 जून 2025 को शासन स्तर से अनुमति प्राप्त हुई। 6 जून 2025 को ऑनलाइन टेंडर जारी किए। 8 टेंडरों में से 6 अपात्र घोषित हुए। शेष 2 में से हिन्द ट्रेडिंग कंपनी इंदौर का 18 लाख 98 हजार रुपए का टेंडर स्वीकृत कर 3 नवंबर 2025 को कार्यादेश जारी किया। कंपनी ने 6 नवंबर 2025 को मशीन और ट्रैक्टर नगर परिषद को उपलब्ध कराए। 6 फरवरी 2026 को जावरा पॉलिटेक्निक कॉलेज के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मशीन का भौतिक सत्यापन कराया गया और 9 मार्च 2026 को संतोषजनक रिपोर्ट प्राप्त हुई।

### एक नजर में

# लिफ्ट, सोनोग्राफी, स्थानीय खरीद, कूलर सहित 10 सूत्रीय ज्ञापन में मांगे रखी



**रतलाम।** रेलवे अस्पताल में 60% रेलवे पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। समय-समय पर पेंशनरों की समस्याओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अधिकतर चर्चा होती रही और समस्या का समाधान भी हुआ। आंल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने रेलवे अस्पताल में लिफ्ट सुविधा, सोनोग्राफी, स्थानीय खरीद एवं प्रचंड गर्मी को देखते हुए जहां डॉक्टर एसी कक्षा में बैठे रहते हैं बाहर मरीजों के लिए ठंडा कूलर की व्यवस्था की मांग को प्रमुखता से रखते हुए 10 सूत्री मांग पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार बेन को सोंपा गया तथा चर्चा की गई। संगठन के प्रवक्ता बृजपालसिंह ने बताया कि अस्पताल में प्रत्येक माह स्वास्थ्य गोष्ठी को लेकर निर्णय लिया गया जो महीने के प्रथम सप्ताह में विशेषज्ञ डॉक्टर के साथ आयोजित होगी एक अन्य मांग जिस पर की नियमित डॉक्टर द्वारा सीमित संख्या में मरीज को देखने पर संगठन ने एतराज जताया जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं रखा गया है। नेत्र चिकित्सक को लेकर भी चर्चा हुई। डॉक्टर बेन ने बताया कि रेलवे अस्पताल में 4:30 करोड़ का कॉन्फ्रेंस हॉल बनाया जा रहा है जिसकी निविदा जारी हो चुकी है जिस पर मंडल अध्यक्ष व्यास ने कहा कि इसी वर्क के तहत लिफ्ट का प्रोविजन भी आप कर सकते हैं जिस पर आपने कहा कि प्रस्ताव इंजीनियरिंग विभाग को भेज दिया जाएगा। महू स्थित डिस्पेंसरी को अपडेट किए जाने को लेकर भी चर्चा हुई चर्चा के दौरान बताया गया की महू, राऊ, राजेंद्र नगर के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को इंदौर इलाज के लिए आना पड़ता है इसलिए महू की डिस्पेंसरी को अन्य डिस्पेंसरी की तरह अपग्रेड करें स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध कराया जाए विशेष रूप में महिला चिकित्सक इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने रेलवे मंडल चिकित्सालय के 64 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाओं के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन रतलाम मंडल के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास यूनियन के भूतपूर्व मंडल मंत्री रामखेलावन कुमायूं मंडल अध्यक्ष मनोहर पचौरी प्रवक्ता बृजपालसिंह कोषाध्यक्ष सुधीरकांत दुबे सदस्य यू एल जायसवाल, प्रभुलाल आदि उपस्थित रहे।

## चेक बाउंस मामले में दो लोगो को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**जावरा।** श्री सांई कृपा पेट्रोलियम आक्या परवल द्वारा परिवादी घनश्याम सिंह के आरोपी बालाजी कंस्ट्रक्शन फर्म के प्रोपरायटर संजय पाँचाल व कुशाल सिंह परिहार निवासी ताल से डीजल के रूपयें 7,50,000 मार्च 2022 तक के लेना बकाया थें। जिसके एवज में आरोपीगण द्वारा चेक जारी किया गया था, जों बाउंस होने पर परिवाद-पत्र न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जावरा के दिलीप पाटिल के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से न्यायालय द्वारा आरोपीगण को संयुक्त रूप से एक-एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं चेक मूल राशि एवं प्रतिकर राशि सहित रूपयें 10,42,350/- का जुर्माना का आदेश दिया गया। परिवादी की ओर से श्याम मकवाना एडवोकेट द्वारा पेरवी की गई थी।

## क्रिकेट के रोचक मुकाबले से खेलप्रेमी रोमांचित, रात्रिकालीन मैच का लुत्फ उठाने जुट रही भारी भीड़

**जावरा।** शुगर मिल परिसर में केसीसीपीएल सीजन-1 के तहत खेली जा रही रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में हर दिन खिलाडियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन कर खेलप्रेमियों को रोमांचित किया जा रहा है। नाईट क्रिकेट स्पर्धा को देखने के लिए बडी तादाद में जनता खेल मैदान पर उमड रही है। सोमवार को आयोजित टूर्नामेंट में पूर्व नपाध्यक्ष अनिल दसेडा व एडवोकेट मनीष त्रिवेदी अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्रारम्भ में समिति के धीरज शर्मा, वीडी जोशी, महेश दुबे, गिरिराज उपाध्याय, योगी सैनी, लोकेश पांडे, अजय कर्णावत, कुलदीप शर्मा, बंटी माली, बंटीलाल, एहसान कुरैशी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। पहला मैच में बटालियन सुपर जेंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 57 रन बनाए। एसपी चैम्पियन ने महज 5.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मैच में ए-3 ब्रदर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन बनाए। एसपी चैम्पियन 8 ओवर में सिर्फ 42 रन ही बना सकी। वहीं तीसरा व अंतिम मैच में बटालियन सुपर जेंट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाए। ए-3 ब्रदर्स ने इस लक्ष्य को आसानी से बिना किसी विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया और 10 विकेट के बड़े अंतर से जीत हासिल की।

# कंटेनर से लाखों की अवैध बियर जब्त

▸ 5172 बल्क लीटर शराब पकड़ी, राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर ट्रक से 5172 बल्क लीटर अवैध बियर जब्त कर राजस्थान निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सेल अजय सारवान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 18 मई 2026 की दरमियानी रात थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कंटेनर ट्रक में अवैध शराब भरकर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक गायत्री सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रतलाम बायपास फोरलेन रोड स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर के पास सेजावता क्षेत्र में घेराबंदी की।

घेराबंदी के दौरान पुलिस ने कंटेनर ट्रक क्रमांक ऋछ्ठ-14-त्तरु-7177 को रोककर तलाशी ली। तलाशी में ट्रक से 431 पेटियों में भरी कुल 5172 बल्क लीटर अवैध बियर बरामद की गई। मौके से वाहन चालक भोमाराम पिता जेठाराम जाट (32) निवासी ग्राम मांडपुरा पुराना गांव, थाना बायतु जिला बाड़मेर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 10 लाख 68 हजार 96 रुपए कीमत की अवैध बियर तथा लगभग 15 लाख रुपए कीमत का कंटेनर ट्रक जब्त किया है। कुल जब्त मशरुका की अनुमानित कीमत करीब 25 लाख 68 हजार 96 रुपए बताई गई है।

मामले में थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम में अपराध क्रमांक 479/2026 धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से शराब के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अशोक दीक्षित, सउनि दिलीप खाती, सउनि हंसराज पटीगर, आरक्षक अर्जुनसिंह खिंची, नरेन्द्र सिंह पावरा, राजेश प्रजापति, दुर्गालाल गुजराती, महेन्द्रसिंह एवं विजय मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

# जनसुनवाई में भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता और रिकॉर्ड सुधार जैसी शिकायतें पहुंची

▸ जनसुनवाई में आए 145 आवेदन

**रतलाम।** कलेक्टर कार्यालय में आज मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कक्ष में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन ने अधिक समय से लंबित आवेदनों पर सुनवाई की एवं कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 145 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई में आवेदक हीरालाल पिता गणपत निवासी ग्राम बड़ौदा ने बताया कि उनकी भूमि के सीमांकन हेतु लगातार 2 वर्षो से संबंधित कार्यालय में आवेदन देने के पश्चात भी आज दिनांक तक भूमि का सीमांकन नहीं हो पाया है। कार्यवाही हेतु तहसीलदार नामली को निर्देशित किया । आवेदक भागीरथ पिता हिरालाल निवासी ग्राम धराड़ ने बताया कि उन्हें लीवर संबंधित बीमारी है जिसके इलाज एवं दवाईयों में सारी कमाई खर्च हो जाती है जिस कारण उनकी आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। उन्होंने ईलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में आवेदक ईश्वरलाल निवासी माननखेडा तहसील पिपलौदा ने भूमि सर्वे रिकॉर्ड में पिता के नाम को सुधारने हेतु आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु एसडीएम जावरा को निर्देशित किया गया। आवेदक परमानंद निवासी ग्राम अरनिया पिथा तहसील जावरा ने उनके होटल के सामने स्थित गुमटियों को हटाने के संबंध में आवेदन दिया। कार्यवाही हेतु एसडीएम जावरा को निर्देशित किया गया।

## भांजगढ़े के रुपयों को लेकर विवाद, महिला को धमकाने का आरोप

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम रुपाखेड़ा में भांजगढ़े के रुपयों की मांग को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार फरियादी काजल पति राजू कुमारिया (20) निवासी ग्राम रुपाखेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मई 2026 को दोपहर करीब 3.30 बजे आरोपियों ने उसके घर के बाहर पहुंचकर गाली-गलौज की तथा भांजगढ़े के रुपयों की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी राहुल पिता राधेश्याम पग्गी निवासी मुल्थान थाना बदनावर, ओमप्रकाश मुनिया निवासी भुवानीखेड़ा थाना बदनावर, बंटी भाभर निवासी सातरुंडा थाना बिलपांक, आत्माराम डामर निवासी बड़नगर सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बिलपांक थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296(ए), 308(4), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 294, 384, 506, 34 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# भक्ति से ही सफल होता है उत्सव : डॉ. शर्मा



**रतलाम।** 'जीवन का दूसरा नाम उत्साह, उत्सव और उमंग है। इन तीनों का संबंध भक्ति और आस्था से होता है तथा भगवान श्रीकृष्ण की कृपा के बिना भागवत कथा का आयोजन संभव नहीं है।' यह बात डॉ. नीना शर्मा ने कही। वे राजस्व कॉलोनी स्थित लायंस हॉल में सोनी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थीं।

नाथद्वारा (राजस्थान) की भागवत आचार्या एवं वेद विदुषीका डॉ. नीना शर्मा ने कहा कि भागवत ज्ञान उत्सव एक महायज्ञ है, जिसकी प्रत्येक आहुति में भक्ति और उत्साह का होना अत्यंत आवश्यक है। ठाकुर जी की कृपा उसी पर होती है, जो पूर्ण श्रद्धा से उनका होकर रहता है। कार्यक्रम की शुरुआत भागवत पोथी की भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह से हुई। इसके बाद कथा स्थल पर विधिवत पोथी पूजन एवं स्वागत किया गया। सोनी परिवार की ओर से श्रीमती सरोज सोनी, श्रीमती तेजकुमार सोनी, नरेंद्र सोनी, मंजू सोनी, स्नेहलता सोनी, संतोष सोनी, विकास सोनी एवं विजय सोनी ने कथा व्यास डॉ. नीना शर्मा का स्वागत किया। चल समारोह में दिनेश शर्मा, शेखर गुप्ता, हरेंद्र सिंह राठौड़, श्रीमती सुदर्शन गुप्ता, कुंतल शर्मा, प्रियंका पाठक एवं निर्मला यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश शर्मा ने किया तथा आभार नरेंद्र सोनी ने माना।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल आयोजित

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशन एवं उप संचालक उद्यानिकी मंगल सिंह डोडवे के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को , ड्रीप/स्प्रिंकलर सिंचाई अपना कर कम पानी मे भी अधिक उत्पादन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा जल चौपाल लगा कर जानकारी दी जा रही है। जावरा विकासखंड के ग्राम लाला खेडा, विकासखण्ड आलोट तथा ग्राम रतनगढ़ पीठ, ग्राम खजुरीदेवडा मे जल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए। किसानों को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।

# भाजपा अजा .मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष परमार का प्रथम रतलाम आगमन पर स्वागत

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार मंगलवार को रतलाम आए। प्रथम नगर आगमन पर अजा मोर्चा द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जिला बैठक हुई, इनमे श्री परमार ने भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

अ.जा.मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री परमार ने अपने दौरे की शुरुआत छत्रीपुल स्थित अम्बेडकर सर्कल पर बाबा साहेब की प्रतिमा को माल्यार्पण कर की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का सम्मान भी किया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी सत्यनारायण खोरीवाल, सह प्रभारी शैलेश गिरजे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु मालवीय रतलाम जिला अ.जा.मोर्चा जिलाध्यक्ष रमेश मालवीय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, वरिष्ठ नेता मधु पटेल, रामजी कल्याणें , नंदकिशोर तोशावडा, प्रभु नेका, राहुल निन्धानें, ओमप्रकाश बोरीया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुदीप पटेल ने किया। आभार प्रभु सोलंकी ने माना।

# भीषण गर्मी में चौमुखा महादेव का किया जल अभिषेक



**रतलाम।** इस वर्ष गिर रही भीषण गर्मी के प्रकोप से जनमानस, पशु पक्षियों तथा पेड़-पौधे को राहत दिलाने के लिए श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र समिति द्वारा श्री चौमुखा महादेव का जलाभिषेक कर ग्रीष्म ऋतु की असाधारण तपन को सहन करने की शक्ति तथा मुक्ति की कामना गई। श्री चौमुखा महादेव नित्य अभियान के अंतर्गत भीषण गर्मी के दौरान मध्यान्ह के समय यजमान श्रीमति सारिका परिहार दंपत्ति द्वारा सपरिवार उष्णता से निजात हेतु जलाभिषेक किया। प्रतिमाह की शिवरात्रि (तेरस) पर वर्ष भर अभिषेक का संकल्प लेने वाले युवा अभिभाषक डॉ. ईश्वर बोराणा (छोटे ठाकुर ) द्वारा अपना चौथा अभिषेक किया गया। इन अभिषेकों के अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष ब्रजनन्दन मेहता, भगवान चौमुखा महादेव नित्य अभिषेक अभियान समिति के संयोजक जुगल पंड्या, अभिषेक आचार्य त्रिभुवन जी पंड्या, जनक नागल, अभिषेक व्यवस्थापाक अंकित मिश्रा , प्रहलाद सोलंकी, मोतीलाल, धर्मेंद्र सिंह सहित अनेकों भक्तगण उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया।

**एक नजर में** ▸ मसा ने धर्मसभा को संबोधित कर दिए प्रेरक प्रवचन ।

# संसार में व्यक्ति की चार प्रकार से होती है पहचान : डॉ. गौतम मुनि



## ▸ जैन दिवाकर रत्न से किया अलंकृत

अखिल भारतीय जैन दिवाकर संगठन समिति द्वारा श्री समरथमल ओस्तवाल एवं समीरमल चत्तर को जैन दिवाकर रत्न से अलंकृत राकेश मेहता, सुजानमल कोचट्टा, सुशील चपड़ोद, विनोद लूनिया, दिलीप चत्तर , फतेहलाल बुरड ने किया। चत्तर परिवार का बहूमान समकित परिवार व नाकोड़ा परिवार ने किया। कल कालूखेड़ा जैन दिवाकर कस्तूर स्थानक भवन का लोकार्पण गुरुदेव के सानिध्य में होगा। संचालन श्रीसंघ के पूर्व महामंत्री सुभाष टुकड़िया ने किया।

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** संसार में व्यक्ति की चार प्रकार से पहचान होती है, पहली पिता के नाम से, दूसरी स्वयं के नाम से , तीसरी मामा के नाम से और चौथी ससुराल के नाम से जाना जाता है। पिता के नाम से जाना जाए वहां तक तो ठीक है लेकिन मामा और ससुराल के नाम से जाना जाए वह ठीक नहीं। अपने नाम से जानना ही श्रेष्ठ है। जीवन में कुछ ऐसे कार्य करे की जन-जन के लिए हो गुरु कस्तूर को 40 वर्ष के बाद भी उनका नाम जन-जन के लिए आस्था का केंद्र है। उपरोक्त प्रवचन उपाध्याय प्रवर डॉक्टर गौतम मुनि ने कहे। मसा ने आगे उन्होंने कहा कि जैन दिवाकर मसा ने श्रीपाल चरित्र में लिखा कि जो जिंदा है, लेकिन लोग पसंद नहीं करते तो वह मुर्दे के समान है। और जो मुर्दा है लेकिन लोग उनके गुणो को याद करते हैं वह मुर्दा होने के बाद भी लोगों के हृदय में जिंदा है। जो अच्छे कार्य करते हैं लोग उन्हें याद करते हैं। लोग गुरु की गलती निकालने में नंबर वन होते हैं। अच्छे कार्य में पैसा लगाना चाहिए नहीं तो सरकार, डॉक्टर और वकील के पास में चला जाता है। संत और सतीया जी के लिए बिहारधाम बनाकर चत्तर परिवार ने अच्छा कार्य किया है। तपस्वी वैभव मुनि जी ने कहा कि श्रावक के 12 वर्तो मे 14 प्रकार की वस्तु साधु संतों को निर्दोष भाव से देना चाहिए। विशाल समकित परिवार से जुड़कर संघ सेवा करते हैं, आगम में भी इसका वर्णन आता है, देवता भी फाइट करते हैं, जब अपना स्वार्थ कमजोर पर जाता है, फाइट में देखने वाले भी आते हैं कोई तमाशा देखते हैं ।